**माननीय कुलाधिपति की अध्यक्षता में राजभवन, पटना में दिनांक–07.09.2019 को पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ के कुलपति, प्रति–कुलपति, कुलसचिव, वित्तीय सलाहकार एवं महाविद्यालय निरीक्षक के साथ समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

---

**उपस्थिति–प्रपत्र–ए के अनुसार।**

दिनांक–07.09.2019 को माननीय कुलाधिपति की अध्यक्षता में पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ के कुलपति, प्रति–कुलपति, कुलसचिव, वित्तीय सलाहकार, परीक्षा नियंत्रक, महाविद्यालय निरीक्षक एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ विश्वविद्यालय के कार्यों की समीक्षा की गयी।

बैठक प्रारम्भ होने के पूर्व सर्वप्रथम श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, माननीय कुलाधिपति के प्रधान सचिव द्वारा माननीय कुलाधिपति तथा सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। उनके द्वारा बैठक के लिए निर्धारित एजेंडा (संलेख) विशेषकर शैक्षणिक एवं परीक्षा सत्र का अनियमित होना, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के नैक मूल्याकंण, बायोमेट्रीक उपस्थिति, उपयोगिता प्रमाण–पत्र का समर्पण, निर्धारित दिशा–निर्देश के आलोक में अतिथि शिक्षक (Guest Faculty) की नियुक्ति, B.S.E.I.D.C. द्वारा कराये जा रहे कार्यों, विश्वविद्यालय स्तर पर जन–शिकायत निवारण के अन्तर्गत निष्पादित मामलों, नियमित रूप से पेंशनादि के भुगतान आदि के संबंध में माननीय कुलपति से त्वरित कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया।

**माननीय कुलाधिपति द्वारा अपने संबोधन में निम्न बिन्दुओं पर बल दिया गया:–**

1. माननीय कुलाधिपति द्वारा शैक्षणिक सत्र को नियमित समय पर संचालन करने, परीक्षाओं के ससमय आयोजन, परीक्षाफल के ससमय प्रकाशन तथा दीक्षांत समारोह (Convocation) को नियमित अन्तराल पर आयोजित कराने का निदेश दिया गया।
2. सभी महाविद्यालयों के नैक मूल्यांकन के लिए नियमित अन्तराल पर विश्वविद्यालय स्तर पर समीक्षात्मक बैठक आयोजित करने का निदेश दिया गया।
3. सेवानिवृत होने वाले कर्मियों को सेवानिवृति के दिन ही पेंशनादि का भुगतान करने का निदेश दिया गया। सेवानिवृत होने वाले कर्मियों का सेवानिवृति की तिथि से छः

माह पूर्व ही सभी पेंशन–प्रपत्र को भरने तथा आवश्यक सूचनाओं के संग्रहण का निदेश दिया गया।

4. आधारभूत संरचना को विकसित करने तथा अन्य मदों में उपलब्ध करायी गयी निधि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को ससमय उपलब्ध कराया जाय।
5. शिक्षकों की कमी को देखते हुए अतिथि शिक्षक (Guest Faculty) को निर्धारित दिशा–निर्देश के अनुसार स्वीकृत पद का आकलन कर नियुक्ति की कार्रवाई पूर्ण पारदर्शिता के साथ की जाय।
6. वृहत पैमाने पर वृक्षारोपन, विशेषकर फलदार वृक्ष लगाने का निदेश दिया गया। लगाये गये वृक्षों को जीवित रखने के लिए वनपोषक आदि की सेवा, आवश्यकतानुसार लेने का निदेश दिया गया।
7. जल संरक्षण को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित किया जाय तथा भवनों में Rain Water Harvesting की सुविधा मुहैया कराया जाय।
8. माननीय कुलाधिपति द्वारा विश्वविद्यालय को गाँवों को गोद लेने का निदेश दिया गया। इन गाँवों में शिक्षा के प्रति जागरूकता, नशाबंदी के संबंध में प्रचार–प्रसार, तम्बाकु, गुटखा से होने वाली बीमारियों, सामाजिक कुरीतियों के विरूद्ध जागरूकता, स्वच्छता अभियान आदि के प्रचार–प्रसार करने का निदेश दिया गया।
9. विश्वविद्यालय में नामांकन पूरा होने के एक माह बाद छात्र संघ के चुनाव की प्रक्रिया प्रारम्भ की जाय। यथासंभव अक्टूबर माह में चुनाव कराया जाय।
10. योजनाओं के कार्यान्वयन में उसकी गुणवत्ता एवं पारदर्शिता का विशेष रूप से ध्यान रखा जाय।
11. माननीय कुलाधिपति द्वारा महाविद्यालयों तथा स्नात्तकोत्तर विभागों में नियमित कक्षाओं के आयोजन पर बल दिया गया तथा कुलपति को स्वयं इसकी मॉनिटरिंग करने का निदेश दिया गया।
12. माननीय कुलाधिपति द्वारा स्वच्छ तथा कदाचारमुक्त परीक्षाओं के आयोजन पर बल दिया गया।

13. माननीय कुलाधिपति द्वारा अंगीभूत महाविद्यालयों में संचालित स्वयं वित्त पोषित पाठ्यक्रमों (Self Financed Course) में यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार सुयोग्य शिक्षकों की नियुक्ति का आदेश दिया गया।

14. माननीय कुलाधिपति द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में गांधी दर्शन पर संगोष्ठी, सेमिनार, संवाद, आदि के आयोजन का निदेश दिया गया।

15. माननीय कुलाधिपति द्वारा बायोमेट्रिक मशीन को तोड़ने वालों पर निरोधात्मक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

**माननीय कुलाधिपति के संबोधन के पश्चात पूर्णिया विश्वविद्यालय, पूर्णिया की समीक्षा निम्न 32 बिन्दुओं पर की गयी।**

**1- Current & Pending Exam and Academic Calendar.**

**स्नातक स्तर**

| Name of Course/Courses | Session | Proposed Date of Exam | Proposed Date of Publication of Results |
|---|---|---|---|
| B.A/B.Sc./B.Com, Part-II | 2018-21 | April, 2020 | June, 2020 |
| B.A/B.Sc./B.Com, Part-I | 2019-22 | April, 2020 | June, 2020 |
| B.Ed, 2nd Year | 2018-20 | April, 2020 | June, 2020 |
| B.Ed., 1st Year | 2019-21 | April, 2020 | June, 2020 |
| B.Tech, 2nd Year | 2018-22 | April, 2020 | June, 2020 |
| B.Tech, 1st Year | 2019-23 | April, 2020 | June, 2020 |
| LLB, 2nd Year | 2018-21 | April, 2020 | June, 2020 |
| LLB, 1st Year | 2019-22 | April, 2020 | June, 2020 |
| BBA, CND, 2nd Year | 2018-21 | April, 2020 | June, 2020 |
| BBA, CND, 1st Year | 2019-22 | April, 2020 | June, 2020 |
| BCA, Sem-III | 2018-21 | Dec, 2019 | Jan, 2020 |
| BCA, Sem-IV | 2018-21 | June, 2020 | July, 2020 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| BCA, Sem-I | 2019-22 | Dec, 2019 | Jan, 2020 |
| BCA, Sem-II | 2019-22 | June, 2020 | July, 2020 |

स्नात्तकोत्तर स्तर

| Name of Course/Courses | Session | Proposed Date of Exam | Proposed Date of Publication of Results |
|---|---|---|---|
| PG, Sem-III | 2018-20 | Dec, 2019 | Jan, 2020 |
| PG, Sem-IV | 2018-20 | June, 2020 | July, 2020 |
| PG, Sem-I | 2019-21 | Dec, 2019 | Jan, 2020 |
| PG, Sem-II | 2019-21 | June, 2020 | July, 2020 |
| MCA, Sem-I | 2019-21 | Dec, 2019 | Jan, 2020 |
| MCA, Sem-II | 2019-21 | June, 2020 | July, 2020 |
| MBA, Sem-I | 2019-21 | Dec, 2019 | Jan, 2020 |
| MBA, Sem-II | 2019-21 | June, 2020 | July, 2020 |

## 2. Status of NAAC.

# Status of NAAC

- Three constituent colleges already NAAC accredited out of total 13 and now entering in second cycle, rest 10 submitted timely IIQA.
- SSR submitted for all 10 colleges on time. Two (RL College, Madhavnagar & Marwari College, Kishanganj) submitted SSR, but it was not accepted due to poor infrastructure and incorrect data.
- Out of ten, two constituent colleges expected to have NAAC team visit 23rd - 24th September (Forbesganj College, Forbesganj) and Nov 19th (DS College, Katihar).
- 19 Affiliated colleges instructed to load the IIQA but only 6 have loaded and rest are being pursued to load IIQA.

कुलपति, पूर्णियाँ, विश्वविद्यालय को सभी महाविद्यालयों के नैक मूल्याकंण कराने का निदेश दिया गया।

**3. Digital Initiative and Status of UMIS and Yearly Expenditure on it.**

UMIS के लिए 90 रूपये (रूपए नब्बे मात्र) प्रति छात्र की दर से एक वर्ष के लिए एकरारनामा करने की जानकारी कुलपति, पर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ द्वारा दी गयी हैं। यह दर सम्पूर्ण Student Cycle के लिए निर्धारित की गयी है।

**4. Submission of Research Projects.**

कुल 7 Research Project समर्पित करने तथा 2 की स्वीकृति की जानकारी कुलपति, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय द्वारा दी गयी है।

**5. Plantation Drive and Rain Water Harvest Project.**

कुलपति, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ द्वारा कुल 21,889 पौधों के लगाने की जानकारी दी गयी। प्लान्ट कैफेटेरिया का निर्माण भी कराया गया है जिसमें 150 पौधों की प्रजातियाँ लगायी गयी हैं।

Rain Water Harvesting हेतु पूर्णियाँ विश्वविद्यालय में अवस्थित 2 तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग को 01.00 करोड़ रूपए (एक करोड़ रुपये मात्र)का प्रस्ताव इसे विकसित करने हेतु भेजा गया है।

**6. Monitoring of B.Ed. Post/Hed Post.**

सभी अंगीभूत महाविद्यालयों से संबंधित सूचना हेड पोस्ट पर Upload कर दी गयी है।

सभी 10 B.Ed. महाविद्यालयों द्वारा बेड पोस्ट पर फोटोग्राफ्स Upload किया जा चुका है।

**7. Progress of Online Degree Distribution.**

नया विश्वविद्यालय होने के कारण डिग्री वितरण का कोई मामला नहीं है।

**8. Affiliation of Colleges**

महाविद्यालयों के संबंधन का कोई भी मामला लंबित नहीं है।

**9. Bio Metric Attendance.**

सभी 13 अंगीभूत महाविद्यालयों में B.S.E.I.D.C. के माध्यम से बायोमेट्रिक उपस्थिति मशीन लगायी गयी थी जिनमें 03 ख़राब हो गयी है। विश्वविद्यालय के कार्यालयों में 3 बायोमेट्रिक मशीन लगाई गयी है।

कुलपति, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ को खराब मशीन को शीघ्र बदलवाने के लिए कार्रवाई करने तथा कुछ मशीन सुरक्षित रखने का निदेश दिया गया।

शिक्षकों का वेतन भुगतान बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली से लिंक करने का निदेश दिया गया।

**10. Demand submission for Women's College & Girl Students to Education Department.**

महिला छात्रों की फीस नहीं लेने की प्रतिपूर्ति हेतु राशि की मांग का प्रस्ताव राज्य सरकार के शिक्षा विभाग में भेजने का निदेश दिया गया।

**11. Utilization of fund for Laboratory & Library.**

प्रयोगशाला मद में 78.00 लाख रूपये तथा पुस्तकालय मद में 31.00 लाख रूपये प्राप्त होने की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी। उनके द्वारा सूचना दी गयी कि C.F.M.S. लागू होने के कारण राशि के हस्तान्तरण में समस्या हुई।

कुलपति, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ को राशि का शीघ्र उपयोग कर उपयोगिता प्रमाण–पत्र समर्पित करने का निदेश दिया गया।

**12. Guest Faculty Appointment & Submission of demand to Education Department.**

## Appointment of Guest Faculty

- Purnea University advertised 292 Guest Faculty vacant post in December 2018 as per guideline BPSC and UGC and all Guest faculties were selected before 31st January, 2019.

- 75 Guest Faculty of 10 subjects (Bengali, Botany Chemistry, Commerce, English, Mathematics, Maithili, Physics, Sanskrit and Zoology) were released in January 2019 and consequently Guest faculty joined.

- 11 subjects (History, Political Science, Economics, Geography, Urdu, Persian, Hindi, Sociology, Philosophy, Psychology and Home Science), it was held due to non availability of fund.

- A demand of Rs. 8.7 crore (@ Rs. 25000/PM) was sent to Education Department in December, 2018, January, 2019 and April, 2019 (Ref No.: PUP-664/R/18 dated: 21/12/2018, PUP-029/R/19 dated: 16/01/2019 and PUP-R/19-347 dated: 20/04/2019) again second demand was sent to Education Department, Government of Bihar of 16.06 crore (@ 50000/PM ) through letter no PUP-R/19-449(A) dated: 27/05/2019.

**13. Solar Energy Installation.**

सौर उर्जा के अन्तर्गत उपस्करों के अधिष्ठापन की कार्रवाई की जा रही है।

**14. Sports & Cultural Activities (Eklavya & Tarang)**

एकलव्य एवं तरंग प्रतियोगिताओं के आयोजन के कैलेंडर तैयार करने का निदेश दिया गया। कुलपति, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ द्वारा कबड्डी, खो–खो, वॉलीबॉल, फुटबॉल, एथलेटिक्स, बैडमिन्टन, आदि खेल प्रतियोगिताओं तथा लोक नृत्य, वाद–विवाद, क्वीज़, चित्रकला, रंगोली, ड्रामा आदि के आयोजन की जानकारी दी गयी।

**15. Submission of Infrastructure Project to Education Department.**

आधारभूत संरचना को विकसित करने हेतु सूचना एवं प्रसारण केन्द्र का निर्माण, कम्प्यूटर सेन्टर को विकसित करने तथा अन्य सुविधाओं को विकसित करने हेतु लगभग 12.20 करोड़ रु. (बारह करोड़, 20 लाख रूपये मात्र) का प्रस्ताव शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को भेजा गया है।

**16. Adoption of Village.**

कुलपति, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ द्वारा विश्वविद्यालय क्षेत्रान्तर्गत सभी जिलों में 2–2 गाँवों को गोद लिये जाने की जानकारी दी गयी है। इन गाँवों में सड़क निर्माण, विद्युतिकरण की योजना, शौचालय निर्माण, वृक्षारोपन, स्वच्छता अभियान एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने से संबंधित जागरूकता अभियान चलाये जाने की सूचना कुलपति द्वारा दी गयी है।

**17. Pension & Retirement Benefit Payment.**

नया विश्वविद्यालय होने के कारण सेवान्त लाभ से संबंधित लंबित मामले कम हैं।

**18. Updating of Data on H.Ed. Post**

सभी अंगीभूत महाविद्यालयों की सूचना हेड पोस्ट पर Upload करने की जानकारी दी गयी है।

**19. Status of Disposal of Grievance Redressal.**

छात्रों की शिकायत से संबंधित 151 प्राप्त आवेदन–पत्रों में से 141 के निष्पादन की जानकारी दी गयी है। शिक्षकों से प्राप्त 37 आवेदन–पत्रों में 23 का निष्पादन किया गया है।

कुलपति, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ को विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर शिकायत निवारण कोषांग की नियमित बैठक आयोजित करने का निदेश दिया गया है।

**20. Project of 'Khelo India'.**

खेलो इंडिया अन्तर्गत अभी प्रस्ताव समर्पित नहीं किया गया है। कुलपति को शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर समर्पित करने का निदेश दिया गया है।

**21. Court Cases.**

| SN | Details | Number of Cases | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | MJC | CWJC | LPA | Total |
| 1. | Outstanding | 8 | 24 | 1 | 33 |
| 2. | Disposed | 4 | 15 | 1 | 20 |
| 3. | Total | 12 | 39 | 2 | 53 |

कुलपति, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय को लंबित वादों के शीघ्र निष्पादित करने का निदेश दिया गया है।

**22. Girls' Toilet**

19 महाविद्यालयों में महिला शौचालय के निर्माण की जानकारी दी गयी है।

**23. Student's Union Election**

कुलपति द्वारा वर्तमान शैक्षणिक सत्र में नामांकन की प्रकिया समाप्त होने के पश्चात् छात्र संघ चुनाव कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।

## 24. 2nd October 'Cleanness Drive and use of one time Plastic.

**Swachhta Pakhwada (01.09.2019 to 15.09.2019)**

- Swachhta Awareness Camp held on 01.09.2019 at SNSY Degree College, Rambagh
- Seminar on Swachhta held on 02.09.2019 at Purnea Mahila Mahavidyalaya, Purnea
- Swachhta Pakhwada to Create Environment held on 03.09.2019 at ML Arya College, Kasba
- Awareness Camp held on 04.09.2019 at RKK College, Purnea
- Seminar on Swachhta held on 05.09.2019 at RL College, Madhavnagar
- Kala Jath Bhraman in Rural Areas held on 06.09.2019 at Adopted Village Bakshaghat, Mahadalit Tola
- Seminar on Swachhta held on 07.09.2019 at GLM College, Banmankhi
- Importance of Swachhta in Daily Life held on 08.09.2019 at AJM College, Banmankhi
- Kala Jatha Bhraman held on 09.09.2019 to 10.09.2019 at adopted village Yawanpur, Kasba
- Workshop on Swachhta held on 11.09.2019 to 13.09.2019 at PS Degree College, Harda
- Cleanness of Water bodies held on 14.09.2019 in rural areas
- Assay writing Competition on Swachhta held on 15.09.2019 at YNP Degree College, Raniganj

## 25. 'National Academic Depository'.

NAD की सुविधा प्रदान करने हेतु एकरारनामा कर लिये जाने की जानकारी दी गई है। वर्तमान में नया विश्वविद्यालय होने के कारण प्रमाण–पत्र वितरण का मामला नहीं है।

## 26. NDL 'National Digital Library'.

National Digital Library लागू करने की कार्रवाई प्रकियाधीन है।

## 27. Status of coverage of teachers and non-teaching employees under Comprehensive Financial Management System (CFMS).

C.F.M.S. अन्तर्गत सभी 411 कार्यरत्त शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को निबंधित कर लिया गया है।

कुलपति, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ को सेवा निवृत कर्मियों की भी प्रविष्टि C.F.M.S. में करने का निदेश दिया गया ।

## 28. Status of submission of proposal for curriculum revision of Under-Graduate courses.

पूर्णियाँ विश्वविद्यालय को किसी भी स्नातक पाठ्यकम को संशोधित करने का कार्य आवंटित नहीं किया गया था।

## 29. Vacancies of teachers.

420 शिक्षकों की रिक्ति की सूचना कुलपति द्वारा दी गयी।

कुलपति को रोस्टर क्लीयरेन्स के पश्चात् प्रस्ताव शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को समर्पित करने का निदेश दिया गया।

**30. Status of joining of teachers recommended by BPSC.**

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा 9 शिक्षकों की नियुक्ति की अनुशंसा की गयी थी जिनमें 6 के योगदान समर्पित किये जाने तथा शेष 3 के योगदान समर्पित करने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन रहने की जानकारी दी गयी।

**31. Status of submission of Utilization-Certificate for development assistance given by Deptt. of Education.**

उपयोगिता प्रमाण–पत्र समर्पित करने का कोई भी मामला लंबित नहीं रहने की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी है।

**32. Status of conduct of Smart Classes.**

कुलपति द्वारा बताया गया कि पूर्णियाँ विश्वविद्यालय अन्तर्गत सभी स्नातकोत्तर विभागों में स्मार्ट क्लास की सुविधा प्रदान की गयी है। नव नियुक्त शिक्षकों द्वारा स्मार्ट क्लास की सुविधा का उपयोग किया जा रहा है।

कुलपति, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ को सभी अंगीभूत महाविद्यालयों में भी स्मार्ट क्लास की सुविधा प्रदान करने का निदेश दिया गया।

**समीक्षा के उपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये गये।**

1. विश्वविद्यालय को परीक्षाओं से संबंधित सूचनाओं को अपने वेवसाईट पर Upload करने का निदेश दिया गया।
2. विश्वविद्यालय को सभी महाविद्यालयों का नैक मूल्याकंण शीघ्र करने हेतु निदेश दिया गया।
3. विज्ञान के साथ–साथ कला (Arts) से संबंधित Research Project भी समर्पित करने का निर्णय लिया गया।
4. विश्वविद्यालय को Rain Water Harvesting का अपना प्रस्ताव शिक्षा विभाग को भेजते हुए उसकी एक प्रति राज्यपाल सचिवालय को भी समर्पित करने का निदेश दिया गया ताकि विभाग से समन्वय स्थापित कर प्रस्ताव की स्वीकृति की दिशा में कार्रवाई की जा सके।

5. परिनियम के अनुसार शिक्षकों की प्रत्येक कार्य दिवस में कम–से–कम 5 घंटे तथा प्रत्येक सप्ताह न्यूनतम 40 घंटे की उपस्थिति महाविद्यालयों तथा स्नातकोत्तर विभागों में सुनिश्चित की जाय।
6. B.S.E.I.D.C. द्वारा विश्वविद्यालय या महाविद्यालयों में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कम–से–कम 15 दिनों पर विशेष सचिव, शिक्षा विभाग द्वारा की जाय।
7. छात्राओं के फीस नहीं लेने की प्रतिपूर्ति हेतु विश्वविद्यालय में अध्ययनरत महिला छात्रों की संख्या का आकलन कर "Token Money" निर्गत करने का अनुरोध शिक्षा विभाग से किया जाय।
8. सेवा निवृत होने वाले कर्मियों के सेवांत लाभ से संबंधित प्रपत्र तथा अन्य जानकारी सेवा निवृति की तिथि से 6 माह पूर्व ही प्राप्त करने का निदेश दिया गया।
9. छात्र संघ का चुनाव वर्तमान सत्र में नामांकन की प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात् एक माह के भीतर यथासंभव अक्तूबर माह में कराया जाय।
10. C.F.M.S. के अन्तर्गत सभी कार्यरत्त शिक्षकों तथा शिक्षकेत्तर कर्मियों के साथ–साथ सभी पेंशनधारियों की प्रविष्टि सुनिश्चित की जाय।
11. वृक्षा रोपन के अन्तर्गत फलदार वृक्षों के रोपने पर विशेष बल दिया जाय। लगाये गये वृक्षों को जीवित रखने के लिए सभी सम्भव उपाय किये जायें। आवश्यकतानुसार वन पोषक तथा अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति वृक्षों को जीवित रखने के लिए की जाय।
12. महाविद्यालयों के संबंधन हेतु सम्पूर्ण सत्र के संबंधन की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध शिक्षा विभाग से किया गया।
13. सभी अंगीभूत महाविद्यालयों द्वारा न्यून्तम एक स्मार्ट क्लास प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया।
14. शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की अनाधिकृत अनुपस्थिति को गंभीरता से लेने का निर्णय लिया गया।
15. शिक्षकों को आवास किराया भत्ता इनके आवासीय पता के निरीक्षण के उपरांत ही भुगतान करने का निर्णय लिया गया।

16. विश्वविद्यालय स्तर पर सातवें वित्त आयोग की अनुशंसा के आधार पर वेतन सत्यापन कर वेतन revision का प्रस्ताव राज्य सरकार के शिक्षा विभाग को भेजने का निर्णय लिया गया जिससे कि शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन का लाभ मिल सके।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

**ह0/–**
**(ब्रजेश मेहरोत्रा)**
**माननीय कुलाधिपति के प्रधान सचिव**

ज्ञापांक– बी० एस० यू० (मिटिंग)-19/2018-2934/रा.स.(।।।), दिनांक– 09-10-2019

**प्रतिलिपिः–**

1. पूर्णिया विश्वविद्यालय, पूर्णिया के कुलपति /प्रति–कुलपति/वित्तीय सलाहकार/कुलसचिव/महाविद्यालय निरीक्षक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
2. अपर मुख्य सचिव / निदेशक, उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
3. माननीय कुलाधिपति के आप्त सचिव / प्रधान सचिव के आप्त सचिव / सभी संबंधित पदाधिकारीगण, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ।
4. श्री बिजय कुमार, तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी. राजभवन, पटना को वेबसाइट पर अपलोड करने/गार्ड फाईल में संधारन हेतु।

9.10.19

**(बिजय कुमार)**
**अपर सचिव**
**राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना।**